an>

Title: Need to give compensation to relatives of persons died in landslide in Malin village in Pune district.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : अध्यक्ष महोदया जी, अत्यंत दुःखी अन्तःकरण से मैं यह निवेदन करना चाहता हूं। आप ने तो सदन के माध्यम से, जो मृतक हैं, उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। आज हिन्दुस्तान के गृह मंत्री राजनाथ सिंह साहब भी वहां पहुंचे है। लेकिन पुणे जिले के मालिन गांव में कल जो घटना हुई है, उसमें आपके माध्यम से मेरी शासन से प्रार्थना है कि मालिन गांव की दुर्घटना में जो लोग मर चुके हैं और उनके परिवार के कुछ लोग जो अभी जीवित हैं, उनके प्रति शासन को पूरी तरह से ध्यान देना चाहिए। उनकी रक्षा के लिए प्रावधान करना चाहिए।

महोदया, मैं विनती करना चाहता हूं कि वेस्टर्न घाट के अलग-अलग पहाड़ी इलाकों में जितनी भी आबादी है और जहां-जहां बरसात में ऐसे भू-स्खलन होते हैं, वहां सारी बस्तियों की रक्षा के लिए शासन को निश्चित रूप से ऐसा प्रावधान करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटना न हो। इस घटना में जो लोग मृत हुए हैं और जो लोग जख्मी हैं, शासन उन्हें सही मुआवज़ा देने की व्यवस्था करे।